<u>विश्व वन्यजीव दिवस</u>

3 मार्च, 2025

दिनांक 03 मार्च, 2025 को विश्व वन्यजीव दिवस के उपलक्ष पर राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री आर.एन. मीणा (सदस्य सचिव) एवं श्री मुकेश तिवाड़ी, मुख्य प्रबंधक (तकनीकी) के मार्गदर्शन में विश्व वन्यजीव दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कार्यालय अरावली भवन के आसपास कानोड़िया पी.जी.गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर क्षेत्र की सफाई की गई तथा छात्राओं को जैव विविधता एवं वन्यजीवों के महत्व के बारें में बताकर जैव विविधता रक्षण एवं No Plastic Use हेतु जागरूक किया गया।

दूसरे चरण में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, मानसरोवर जयपुर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विश्व वानिकी उद्यान जयपुर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन सभी को जैव विविधता एवं उसके महत्व को बताया गया। विश्व वानिकी उद्यान में विद्यार्थियों को कई दुर्लभ वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी गई। विधार्थियों को इस दौरान Red House, राशि वन, पामेटम, औषधीय पादप उद्यान का भ्रमण कराया गया। श्री मनीष कुमार कुलदीप, (प्रबंधक तकनीकी), राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड, जयपुर द्वारा औषधीय पादपों के उपयोग, अन्य वनस्पतियों के पारितंत्र में महत्व एवं उनकी रक्षा के बारें में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, साथ ही उद्यान क्षेत्र प्राणियों पक्षी, स्तनधारी, सरीसृप आदि को देखकर एवं जानकर विद्यार्थी रोमांचित हुए। कार्यक्रम के अंतिम दौर में

विद्यार्थियों के साथ जैव विविधता एवं वन्यजीवों के संबंधित प्रश्नोत्तरी की गई, जिसमें सभी छात्र एवं छात्राओं ने हर्ष के साथ भाग लिया।